लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

GLOBAL CHALLENGES SHOULD BE RESOLVED ON GLOBAL PLATFORMS THROUGH DIALOGUE: LOK SABHA SPEAKER/ वैश्विक चुनौतियों का समाधान वैश्विक प्लेटफार्म पर चर्चा संवाद से हो: लोक सभा अध्यक्ष

…

FOUNDATIONAL PRINCIPLE OF DEMOCRACY IS INCLUSIVE DEVELOPMENT THROUGH DISCUSSION, DIALOGUE AND DELIBERATION: LOK SABHA SPEAKER/ लोकतंत्र का मूल आधार चर्चा, संवाद और विचार विमर्श के माध्यम से समावेशी विकास: लोक सभा अध्यक्ष

…

LET THERE BE A MODEL OF GLOBAL COOPERATION WHICH WILL INSPIRE INTERNATIONAL COOPERATION IN RESOLVING ALL GLOBAL CHALLENGES: LOK SABHA SPEAKER/ वैश्विक सहयोग का एक ऐसा मॉडल बने जो सभी वैश्विक विषयों पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग की प्रेरणा बन सके: लोक सभा अध्यक्ष

…

CHARTED ACCOUNTANTS ARE ENGINE AND ARCHITECT OF ECONOMY: LOK SABHA SPEAKER/चार्टर्ड अकाउंटेंट आर्थिक जगत के इंजन और शिल्पकार: लोक सभा अध्यक्ष

…

LOK SABHA SPEAKER ADDRESSES 21ST WORLD CONGRESS OF ACCOUNTANTS/लोकसभा अध्यक्ष ने लेखाकारों की 21वीं विश्व कांग्रेस को संबोधित किया

…

MAHARASHTRA CM CALLS ON LOK SABHA SPEAKER/महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने की श्री बिरला से मुलाकात

…

New Delhi, November 18, 2022: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla addressed the 21st World Congress of Accountants in Mumbai, today.

Speaking on the occasion, Shri Birla said that Chartered Accountants are the engines and architects of the economic world. Mentioning about their contributions to the economy, Shri Birla also called the Chartered Accountants as saints of the new economic order. Speaking about the fair examination process of Chartered Accountants, Shri Birla said that the examination taken to become a Chartered Accountant is very reliable. Till date no question has been raised on their examination system which is the biggest example of the authenticity and credibility of the ICAI.

Underlining the role of Chartered Accountants, Shri Birla said that Chartered Accountants have the power and ability to work according to new innovations, new thinking and new technology. It is possible to build a prosperous society and nation through the positive change brought by them. Shri Birla also said that keeping in mind the changes taking place in the economy of any country and the world in the coming times, they have the power and ability to work according to new innovations, new thinking and new technology and their role will be important for the growth of the world economy. Works of Charted Accountants have brought positive socio-economic changes, he observed.

Shri Birla opined that inclusive development takes place in a democracy through discussion, dialogue and deliberation. Today the whole world has accepted democracy as the best form of governance. In this context, Shri Birla called upon the chartered accountants to further strengthen democracy with their efficiency and functioning. He also said that with the changing functioning of ICAI, the organization has won the trust of all the stakeholders. ICAI and accounting professionals have also changed their methodology to keep pace with the changes

taking place in the field of business and their commitment to their work has won the trust of all stakeholders, thereby strengthening democracy, Shri Birla said.

Speaking on the role of Chartered Accountants in the digital economy, Shri Birla said that due to the impact of technology on the world and the changes in technology in the digital economy, the role of Chartered Accountants has increased a lot today. Today globalization and digital economy have presented new challenges to them. Being experts in the economic domain, Chartered Accountants understand this challenge very well and they have the ability to address the challenges the world is facing in the changing times. Shri Birla also said that chartered accountants can strengthen and boost the economy of any country. Also, in many other sectors like trade, agriculture, industry, new initiatives can be taken by them which will strengthen our industries and service sector. Chartered Accountants' role is most important in bringing economic change in any country, added Shri Birla.

Referring to global challenges, Shri Birla said that today we are facing many global challenges such as Covid-19 pandemic, climate change, economic challenges and each and every problem is affecting all the countries of the world. Global challenges can be solved only by discussion and dialogue on a global platform, said Shri Birla. In this era of globalization, international cooperation is the most appropriate way to secure the common future of humanity. Chartered Accountants have an important role to play as agents of economic change, in establishing a prosperous economic system. Because now the whole world is one and whatever crisis comes in the world- social, economic- they affect all the countries.

Shri Birla urged that Chartered Accountants to create a system of regular consultations among themselves, share their innovations and best practices, so as to establish a prosperous global economic democracy with maximum international cooperation. He said that we should make such a global action plan so that we can establish a strong economic system on the basis of available resources, manpower, and technology within our countries so that all countries can prosper economically. He suggested that we should become such a model of global cooperation, such a framework, which can become an inspiration for international cooperation on all global topics.

Maharshtra CM Shri Eknath Shinde meets Shri Birla

During visit of Lok Sabha Speaker Shri Om Birla to Mumbai, Maharashtra Chief Minister Shri Eknath Shinde met Shri Birla and exchanged pleasantries.

Welcoming Shri Birla to Mumbai, Shri Shinde said that the visit of Lok Sabha Speaker is a moment of glory for the State. Both the leaders discussed several issues of mutual interest.

नई दिल्ली, 18 नवंबर, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज मुम्बई में लेखाकारों की 21वीं विश्व कांग्रेस को संबोधित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री बिरला ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट आर्थिक जगत के इंजन हैं और विश्व आर्थिक जगत के शिल्पकार भी। अर्थतन्त्र में उनके योगदान के कारण श्री बिरला ने चार्टर्ड अकाउंटेंट को आर्थिक जगत का ऋषि मुनि भी कहा । श्री बिरला ने चार्टेड अकाउंटेंटों की निष्पक्ष परीक्षा प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की जो परीक्षा ली जाती है, वह काफी विश्वसनीय होती है। आज तक उनकी परीक्षा प्रणाली पर कोई सवाल नहीं उठे, यह ICAI की प्रामाणिकता और विश्वसनीयता का सबसे बड़ा उदाहरण है।

चार्टेड अकाउंटेंटों की भूमिका रेखांकित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि नए इनोवैशन, नई सोच और नई तकनीक के अनुसार काम करने की शक्ति और सामर्थ्य चार्टेड अकाउंटेंटों में हैं। उनके द्वारा लाए गए सकारात्मक परिवर्तन के माध्यम से एक समृद्ध समाज एवं राष्ट्र का निर्माण संभव है। श्री बिरला ने यह भी कहा क़ि आने वाले समय में किसी भी देश और दुनिया की अर्थव्यवस्था में हो रहे बदलाव को ध्यान में रखते हुए नए इनोवैशन, नई सोच और नई तकनीक के अनुसार काम करने की शक्ति और सामर्थ्य उनमे हैं और वे विश्व अर्थव्यवस्था की धुरी हैं। उनके कार्यों से आर्थिक जगत में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है और समाज में आर्थिक, सामाजिक परिवर्तन हो रहे हैं।

श्री बिरला ने विचार व्यक्त किया कि लोकतंत्र में चर्चा, संवाद और विचार विमर्श के माध्यम से समावेशी विकास होता है। आज पूरा विश्व लोकतंत्र को शासन की सर्वश्रेष्ठ पद्धति मान रहा है और इसे अपना रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में श्री बिरला ने आह्वान किया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट अपने दक्षता और कार्य प्रणाली से लोकतंत्र को और मजबूत करे। उन्होंने ये भी कहा कि ICAI की बदलती हुई कार्य प्रणाली से संस्था ने सभी हितधारकों का विश्वास जीता है। समय के साथ व्यापर के क्षेत्र में हो रहे बदलावों के अनुरूप ICAI और लेखांकन के कार्य

से जुड़े पेशेवरों ने अपनी कार्यप्रणाली को भी बदला है और अपने कार्य के प्रति उनकी इस प्रतिबद्धता ने सभी हितधारकों का विश्वास जीता है जिससे इसे लोकतंत्र भी मजबूत हुआ , श्री बिरला ने कहा।

श्री बिरला ने डिजिटल अर्थव्यवस्था में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की भूमिका पर बोलते हुए कहा कि टेक्नॉलजी का विश्व पर प्रभाव और डिजिटल अर्थव्यवस्था विश्व में टेक्नॉलोजी के परिवर्तन के कारण आज चार्टर्ड एकाउंटेंट्स भूमिका बहुत बढ़ गई है। आज वैश्वीकरण और डिजिटल अर्थव्यवस्था ने हमारे सामने नई चुनौतियाँ प्रस्तुत की हैं। आर्थिक क्षेत्र के एक्सपर्ट होने के कारण, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इस परिवर्तन को अच्छी तरह समझते हैं और उनके अंदर यह क्षमता है कि उनकी सलाह से इस बदलते समय में विश्व के समक्ष चुनौतियों का समाधान संभव हो सकता है। श्री बिरला ने यह भी कहा कि चार्टर्ड एकाउंटेंट्स किसी भी देश के अर्थ तंत्र को मजबूत कर सकते हैं और अर्थनीति को बूस्ट कर सकते हैं।साथ ही कई अन्य क्षेत्रों जैसे व्यापार, कृषि, उद्योग जैसे कई sectors के अंदर, विभिन्न कंपनियों, संस्थाओं के सामने एक बेहतर विकल्प देकर उस देश के अंदर इंडस्ट्रीज़ और सर्विस सेक्टर में नई पहल कर सकते हैं जिससे उस देश की अर्थव्यवस्था को बूस्ट किया जा सकता है। किसी भी देश में आर्थिक बदलाव लाने में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स भूमिका ही सबसे महत्वपूर्ण है, श्री बिरला ने कहा।

वैश्विक चुनौतियां का जिक्र करते हुए श्री बिरला ने कहा कि आज हमारे सामने कई वैश्विक चुनौतियां हैं जैसे की कोविड-19 महामारी , जलवायु परिवर्तन , आर्थिक चुनौतियां और प्रत्येक समस्या विश्व के सभी देशों को प्रभावित कर रही है। वैश्विक चुनौतियों का समाधान वैश्विक प्लेटफार्म पर चर्चा संवाद करके ही निकाला जा सकता है, श्री बिरला ने कहा । वैश्वीकरण के इस युग में अंतरराष्ट्रीय सहयोग ही मानवता के साझे भविष्य को सुरक्षित रखने का सबसे उपयुक्त मार्ग है। समृद्ध आर्थिक तंत्र स्थापित करने में, आर्थिक बदलाव के वाहक के रूप में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। क्योंकि अब सारी दुनिया एक है और दुनिया में सामाजिक, आर्थिक, जो कुछ भी संकट आता है तो उसका प्रभाव सभी देशों पर पड़ता है।

श्री बिरला ने सुझाव दिया कि चार्टर्ड एकाउंटेंट्स आपस में नियमित विचार-विमर्श का एक सिस्टम बनाएं, अपने नवाचारों और बेस्ट practices को साझा करें, ताकि अधिकतम अंतरराष्ट्रीय सहयोग से एक समृद्ध वैश्विक आर्थिक लोकतंत्र की स्थापना कर सकें। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसी वैश्विक कार्य योजना बनाए जिससे कि हम अपने अपने देशों के अंदर उपलब्ध संसाधनों, मैनपावर, टेक्नॉलजी के आधार पर एक मजबूत अर्थ तंत्र स्थापित कर सकें ताकि सभी देश आर्थिक रुप से समृद्ध हो सकें। उन्होंने सुझाव दिया कि हमारा वैश्विक सहयोग का एक ऐसा मॉडल बने, ऐसी रूपरेखा बने, जो सभी वैश्विक विषयों पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग की प्रेरणा बन सके।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने की श्री बिरला से मुलाकात

लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की मुंबई यात्रा के दौरान, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने श्री बिरला से मुलाकात की और अभिवादन किया। श्री बिरला का मुंबई में स्वागत करते हुए श्री शिंदे ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष का दौरा राज्य के लिए गौरव का क्षण है। दोनों नेताओं ने आपसी हित के कई मुद्दों पर चर्चा की।